Title: Need to provide houses under rural development project to the people displaced by floods caused by Venganga River in Bapera village of Bhandara Parliamentary Constituency, Maharashtra. − Laid.

श्री शिशुपाल एन. पाटले (भन्डारा) : अध्यक्ष महोदय, भन्डारा क्षेत्र का बपेरा गांव वैनगंगा नदी के किनारे स्थित है, 25 साल पहले नदी का पात्र **(मुहाना)** बदलने से गांव के किसानों की हजारों हैक्टेयर भूमि जो कि कृाि योग्य थी, नदी में विलीन हो गयी, जिससे काफी संख्या में किसान भूमिहीन हो गए हैं। आज भी यहां यही हालात हैं। नदी में बाढ़ के समय यहां के गांवों को हटाया जाता है, जिससे गांवों के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस परेशानी को दूर करने के लिए इनके लिए पक्की जमीन दी जाये और साथ में ग्रामीण विकास योजना के तहत मकान उपलब्ध करायें जायें।